(Thirteenth Lok Sabha) on Working of Indian Council for Cultural Relations with Special reference to Cultural Centres aborad.

Government Bills

THE SCHEDULED CASTES, SCHEDULED TRIBES AND OTHER BACKWARD CLASSES (RESERVATION IN POSTS AND SERVICES) BILL, 2004

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI SURESH PACHOURI): Sir, I beg to move for leave to introduce. ...*(Interruptions)*...

श्री एस.एस. अहलुवालिया (झारखंड) : सभापति जी, क्या यह बिल सर्कुलेट हुआ था?

श्री सभापति: आज सुबह हुआ है।

श्री एस. एस. अहलुवालिया: आज सुबह हुआ है तो इंट्रोड्यूज कैसे होगा? ...(व्यवधान)... यह तो अभी दिया गया है ...(व्यवधान)... बिल भी सर्कुलेट नहीं किया गया ...(व्यवधान)... यह कैसे होगा ...(व्यवधान)...

SHRI ANAND SHARMA (Himachal Pradesh): Sir, It is already there in the List of Business.

श्री सभापति: वह ठीक है ...(व्यवधान)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: सभापति जी, यह अभी हुआ है बारह बजे...(व्यवधान)... बारह बजे हुआ है ...(व्यवधान)...

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Sir, the Bill relates to the SC/ST and OBCs. (*Interruptions*)

श्री सभापति: माननीय सदस्य, एक मिनट ...(व्यवधान)...

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल) : सभापति जी ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: आप बैठिए ...(व्यवधान)...एक मिनट ...(व्यवधान)... माननीय पचौरी जी, यह बिल अभी सुबह ही सर्कुलेट हुआ है, जबकि यह चौबीस घंटे पहले सर्कुलेट होना चाहिए था।

मैम्बर्स की आपत्ति सही है, मैं इस समय इसे सर्कुलेट करने की परमिशन नहीं दूंगा ...(व्यवधान)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: सभापति जी, मैंने सुबह एक नोटिस दिया था ...(व्यवधान)...

†श्री अबू आसिम आजमी (उत्तर प्रदेश): यह बहुत ही अहम मुद्दा है...(व्यवधान)...

شری ابو عاصم اعظمی : یہ بہت ہی اہم مدعا ہے....مداخلت.....

श्री सभापति: बैठिए ...(व्यवधान)... बीच में मत बोलिए ...(व्यवधान)...

†श्री अबू आसिम आजमी: सभापति जी, मैंने भी एक नोटिस दिया है ...(व्यवधान)...

شری ابو عاصم اعظمی :-سبھاپتی جی، میں نے بھی ایک نوٹس دیا ہے....مداخلت.....

श्री सभापति: किसको नोटिस दिया है...(व्यवधान)... कोई नोटिस नहीं दिया है ...(व्यवधान)... नोटिस के लिए मैंने कह दिया ...(व्यवधान)... आप बैठ जाइए ... (व्यवधान)...

SHRI V. HANUMANTHA RAO (Andhra Pradesh): Sir, this Bill is very important. (*Interruptions*)

श्री सभापति: नोटिस दिया, मैंने मान लिया ...(व्यवधान)... मैं अपनी रूलिंग चेंज नहीं करूंगा ...(व्यवधान)...

†श्री अबू आसिम आज़मी: सभापति जी ...(व्यवधान)...

شری ابو عاصم اعظمی :-سبھاپتی جی .....مداخلت.....

श्री सभापति: आपने सुना नहीं? ...(व्यवधान)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: सभापति जी, भारतीय जनता पार्टी एस.सी./एस.टी. के खिलाफ नहीं है ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: एक मिनट ...(व्यवधान)... आप बैठ जाइए ...(व्यवधान)... इसमें खिलाफ़त का सवाल नहीं है, नियमों का सवाल है ...(व्यवधान)... चौबीस घंटे पहले सर्कुलेशन होना चाहिए

†Transliteration of Urdu Script.

...(व्यवधान)... वह नहीं हुआ है, इसलिए मैंने कहा है कि इसे नहीं लूंगा ...(व्यवधान)... प्रश्न यह नहीं है कि इसमें रिजर्वेशन के खिलाफ कौन है और कौन नहीं है....(व्यवधान)... कल भी रख सकते हैं ...(व्यवधान)... क्या दिक्कत है ...(व्यवधान)... आप कल रख दीजिए ...(व्यवधान)...

श्रीमती सुषमा स्वराज (उत्तरांचल): अभी दो दिन हैं, यह तो नहीं है कि सत्र अभी खत्म हो रहा है ...(व्यवधान)... सभापति जी, हमारा कल का विषय महत्वपूर्ण है ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: कल तय कर दिया है ...(व्यवधान)... आज क्यों कर रहे हैं ...(व्यवधान)...

Re. REPORTED VIOLATION OF CODE OF CONDUCT—Contd.

श्री एस.एस. अहलुवालिया: सभापति जी, कल लालू प्रसाद जी के बारे में सदन में जो बात उठाई गई थी, उस पर वक्तव्य दिया गया था कि सदन में मंत्री जी बताएंगे कि क्या कार्यवाही हुई। उसके बाद इलेक्शन कमीशन के कहने पर एफ.आई.आर. फाइल हुई ...(व्यवधान)... सरेआम कैमरे पर रुपए बांटते हुए पकड़े गए ...(व्यवधान)... इसके बारे में सरकार क्या चाहती है ...(व्यवधान)... यह सरकार उसका विरोध कर रही है ...(व्यवधान)... एक मंत्री के खिलाफ एफ.आई.आर. होती है ...(व्यवधान)... सभापति जी ...(व्यवधान)... ये कृपा करके बताएं ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: बैठिए ...(व्यवधान)... बैठिए तो सही ...(व्यवधान)...

संसदीय कार्य मंत्री तथा शहरी विकास मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद): सभापति जी, विपक्ष के नेता ने जो मुद्दा यहां उठाया था, उसके बारे में मैंने लालू प्रसाद जी से कल खुद बात की और आज भी बात की। यह शो कॉज नोटिस, जो उनको इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की तरफ से गया है, उन्होंने मुझे फोन पर उसे पढ़कर सुनाया।

श्री एस.एस. अहलुवालिया: वह तो पार्टी को गया है ...(व्यवधान)...

†**श्री गुलाब नबी आज़ाद:** जब आपको सब कुछ मालूम है तो यह जवाब भी आप ही दीजिए ...(व्यवधान)... बोलने तो दीजिए, दिक्कत क्या है? सभापति जी, अगर सवाल भी वहीं से होगा और जवाब भी वहीं से होगा तो हमारे कहने का कोई मतलब नहीं है ...(व्यवधान)... महोदय, एक चीज मैं बताना चाहूंगा कि मुझ से ज्यादा जानकारी तो अहलुवालिया जी खुद ही रखते हैं, दोनों side की ...(व्यवधान)...

---

†Transliteration of Urdu Script.